हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 23 अगस्त 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 मुलताई-बैतूल मार्ग पर सड़क हादसा, पति पत्नी समेत...



09 अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश...



खबर संक्षेप

1.20 लाख के चेक बाउंस मामले में आरोपी बरी

नर्मदापुरम। चेक बाउंस से जुड़े एक मामले में स्थानीय अदालत ने आरोपी को राहत देते हुए बरी कर दिया है। न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी अंजली अग्रवाल की कोर्ट ने साक्ष्यों के अभाव में आरोपी तुलसीराम केवट को धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम के आरोपों से बरी करने का फैसला सुनाया। मामला परिवादी विपिन गिरी द्वारा दर्ज कराया गया था, जिन्होंने तुलसीराम पर 1.20 लाख का चेक बाउंस होने का आरोप लगाया था। अदालत में आरोपी की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता नवीन वर्मा ने बताया कि सुनवाई के दौरान डिफेंस ने कोर्ट के सामने तथ्य रखे कि यह मामला साल 2021 के एक भूखंड (प्लॉट) के इकरारनामे और पुराने लेन-देन से जुड़ा है।

डॉक्टरों ने किया ओवेरियन सिस्ट का सफल ऑपरेशन



इटारसी। अक्सर लोग सरकारी अस्पतालों की व्यवस्थाओं को लेकर आशंकित रहते हैं, लेकिन इटारसी के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी शासकीय चिकित्सालय ने यह साबित कर दिया है कि यहां की चिकित्सा सेवाएं और डॉक्टरों का समर्पण किसी भी बड़े निजी अस्पताल से कम नहीं है। शनिवार को चिकित्सालय के डॉक्टरों की एक विशेष टीम ने एक बेहद जटिल और चुनौतीपूर्ण शल्य चिकित्सा को सफलतापूर्वक अंजाम देकर एक महिला मरीज को नई जिंदगी दी। टीम ने महिला के पेट से लगभग 7 किलो 300 ग्राम वजन की एक विशाल ओवेरियन सिस्ट को सुरक्षित रूप से निकाल दिया। चिकित्सकों के अनुसार, इतनी बड़ी और भारी ओवेरियन सिस्ट का ऑपरेशन चिकित्सकीय दृष्टि से अत्यधिक चुनौतीपूर्ण और जोखिम भरा था।

भव्य नमामि देवी नर्मदे संस्कार कांवड़ यात्रा का आयोजन

नर्मदे हर से प्रारंभ हुई संस्कार कांवड़ यात्रा का हर हर महादेव के जय घोष के साथ काले महादेव को जल अर्पित कर हुआ यात्रा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में संस्कार कांवड़ यात्रा का आयोजन धार्मिक आस्था और मां नर्मदा के संरक्षण के संदेश के साथ किया गया। विवेकानंद घाट से शुरू हुई यह यात्रा सेठानी घाट तक पहुंची। यात्रा में संत समाज के दादा गुरु, क्षेत्रीय विधायक सीता शरण शर्मा, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, सांसद माया नारोलिया, विधायक विजयपाल सिंह, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, मोनिका चौकसे, नीतू महेंद्र यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। नमामि देवी नर्मदे



संस्कार कांवड़ यात्रा विवेकानंद घाट से प्रारंभ होकर नेहरू पार्क, सत रास्ता, अमर चौक, जय स्तंभ चौक, हलवाई चौक, सराफा एवं सेठानी घाट होते हुए काले महादेव मंदिर पहुंची। काले महादेव मंदिर में यात्रा का समापन हुआ।

यात्रा के माध्यम से मां नर्मदा को स्वच्छ एवं निर्मल बनाए रखने के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कावड़ यात्रा काले महादेव पहुंची।

यात्रा में मातृशक्ति की भागीदारी विशेष रूप से देखने को मिली। जानकारी के अनुसार महिलाओं को साड़ियां उपलब्ध कराई गई थीं और शहर के विभिन्न क्षेत्रों में इन साड़ियों का वितरण भी किया गया। यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं एक ही रंग की साड़ियां पहनकर शामिल हुईं। इससे यात्रा में महिलाओं की भागीदारी और आकर्षण दोनों बढ़ा।

वृक्ष हमारे जीवन का प्रत्यक्ष आधार : दादा गुरु

इस अवसर पर दादा गुरु महाराज ने नमामि देवी नर्मदे संस्कार कांवड़ यात्रा को प्राकृतिक संरक्षण की दृष्टि से सकारात्मक पहल बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में वृक्षों को देवतुल्य स्थान दिया गया है। वृक्ष हमारे जीवन का प्रत्यक्ष आधार हैं। इसी सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक महत्व को आत्मसात करते हुए कांवड़ में एक ओर जल और दूसरी ओर पौधा रखकर यात्रा की जा रही है।

5000 पौधों के रोपण की योजना

यात्रा के दौरान प्रत्येक कांवड़ में एक लोटा नर्मदा जल एवं एक पौधा रखा गया। इस पहल के माध्यम से जल संरक्षण, नर्मदा संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 5000 पौधों के रोपण की योजना को भी क्रियान्वित किया गया। यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों द्वारा कांवड़ यात्रा का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया।

जिला प्रशासन व खाद्य सुरक्षा प्रशासन के संयुक्त दल ने की कार्रवाई

दल ने विभिन्न प्रतिष्ठानों से 6 मिष्ठान्नों के नमूने लिए, प्रयोगशाला भेजे जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

खाद्य विभाग ने सोमवार को खाद्य प्रतिष्ठानों और मेडिकल स्टोर का निरीक्षण और जांच हेतु नमूने लिये गये।

आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर शसोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं खाद्य सुरक्षा प्रशासन के संयुक्त दल द्वारा शनिवार को शहर के विभिन्न मिष्ठान्न विनिर्माण केंद्रों का निरीक्षण किया गया। कार्रवाई के दौरान मिठाइयों की गुणवत्ता, निर्माण प्रक्रिया एवं साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा विभिन्न मिष्ठान्नों के कुल 6 नमूने लिए गए।

संयुक्त दल द्वारा डमरू वाला स्वीट कारखाने से छेना रसगुल्ला एवं बादाम बर्फी के नमूने लिए गए। इसी प्रकार राजस्थान मिष्ठान्न, इंदिरा चौक के साकेत नगर स्थित कारखाने से डोडा बर्फी एवं बंगाली मिठाई तथा न्यू राजस्थान मिष्ठान्न, चक्कर रोड से चिरौंजी मावा बर्फी एवं मावा केसर कतली के नमूने लिए गए।



व्यवस्था बनाने के दिए निर्देश

6 नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान संयुक्त दल द्वारा संबंधित मिष्ठान्न विनिर्माण प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया। प्रतिष्ठान संचालकों को खाद्य पदार्थों के निर्माण एवं भंडारण के दौरान आवश्यक स्वच्छता मानकों का पालन करने तथा परिसर में साफ-सफाई की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

मेडिकल स्टोर का किया निरीक्षण, मिली त्रुटियां, की सैंपलिंग



सोहागपुर। सोहागपुर शहर में शनिवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने एक मेडिकल स्टोर की जांच की है। जांच दौरान त्रुटियां भी सामने आई हैं। अधिकारियों ने दवाओं की सैंपलिंग की है। जानकारी अनुसार सैंपल्स की रिपोर्ट आने के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी। यह कार्यवाही लाइसेंसधारी मेसर्स शिवांश मेडिकल स्टोर नाम से शहर के गौतम वार्ड में संचालित दुकान पर की गई है। निरीक्षण अधिकारी के रूप में ड्रग इंस्पेक्टर संजय जादौन के साथ सोहागपुर एसडीएम डॉ. बबीता राठौर एवं बीएमओ डॉ. रेखा सिंह गौर उपस्थित थे।

पाई गई ये कमियां

ड्रग इंस्पेक्टर संजय जादौन द्वारा बनाए गए जांच पत्रक अनुसार निरीक्षण दौरान फर्म प्रोपराइटर मिथुन सवांगे मौजूद थे। पत्रक में उल्लेख है कि लाइसेंस शर्त अनुसार परिसर में लाइसेंस की कॉपी प्रदर्शित थी। दवाओं के लिए अलग जगह नहीं दी गई थी, ना ही उन पर उचित लेबलिंग थी। इस दौरान एक्सपायरी डेट वाली दवाएं भी मिलीं। दुकान में फिजिशियन सैंपल, सरकारी सप्लाई की दवाएं और प्रतिबंधित दवाएं नहीं पाई गईं। फर्म में कार्यरत फार्मासिस्ट पल्लवी सवांगे अनुपस्थित थी एवं फार्मासिस्ट के बिना दवाएं बेची जा रही थीं। लाइसेंसधारी ने बिक्री रिकॉर्ड नहीं रखा था। खरीदी रिकॉर्ड रैंडम जांच में सही पाया गया। तापमान संवेदनशील दवाएं सही ढंग से और चालू हालत में स्टोर की गई थीं। दुकान में फॉर्म-35 निरीक्षण बुक नहीं पाई गई।

दर्दनाक हादसा: ट्रक की जोरदार टक्कर से बुजर्ग की हुई मौत

सड़क पार करते समय हुआ हादसा





हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के रसूलिया क्षेत्र में एक सड़क हादसे में बुजुर्ग की मृत्यु हो गई। घटना नजदीक लगे सीसीटीव्ही कैमरे में रिकार्ड हो गई। रॉन्ग साइड से आ रहे बाइक सवार को ट्रक ने कुचल दिया। बाइक ट्रक के नीचे आ गई। करीब 150 फीट तक घसीटा। बाइक सवार के ऊपर से पहिए गुजर गए। हादसे में बाइक सवार की तड़प-तड़पकर मौत हो गई। मामला रसूलिया चंदननगर मेन रोड का है।

पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान 70 वर्षीय मदनलाल वर्मा के रूप में हुई है। मदनलाल ऑर्डनेंस फैक्ट्री से रिटायर्ड थे। उनकी हड्डियां चकनाचूर हो गई हैं। शरीर पर घसीटने की वजह से कई जगह चोट के निशान हैं। हादसे का CCTV फुटेज शनिवार को सामने आया है।

रमृतक के बेटे राजेंद्र वर्मा ने बतोया- मदनलाल SBI ATM से रुपए निकालने गए थे। वह गुरुवार सुबह करीब 8:30 बजे पैसे निकालकर घर लौट रहे थे। रसूलिया चंदननगर मेन रोड पर करीब 200 से 300 मीटर तक डिवाइडर है। इससे समय ज्यादा लग रहा था। उन्हें सही रास्ते से घर जाने के लिए करीब 200 मीटर अतिरिक्त घूमना पड़ता। इसी दूरी को बचाने के लिए उन्होंने बाइक रॉन्ग साइड डाल दी। इसी दौरान ओवरब्रिज की ओर से आ रहे ट्रक से उनकी बाइक टकरा गई। CCTV फुटेज में दिख रहा है कि बाइक को सामने आता देख ट्रक चालक ने ब्रेक लगाकर हादसा रोकने की कोशिश की, लेकिन तब तक बाइक ट्रक की चपेट में आ चुकी थी।

रिश्तों के धागों में पिरोया प्रकृति का प्रेम, बचपन प्ले स्कूल में माता-पिता और बच्चों ने मिलकर गूंथी वात्सल्य की डोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

रक्षाबंधन केवल एक रेशम का धागा नहीं है, यह विश्वास, सुरक्षा और निश्छल स्नेह का वह पवित्र बंधन है जो दिलों को जोड़ता है। और जब इसी धागे को गूंथने में माता-पिता का वात्सल्य, बच्चों की मासूम रचनात्मकता और प्रकृति के प्रति समर्पण एक साथ मिल जाएं, तो यह महज एक त्योहार न रहकर जीवन का एक अनमोल दर्शन बन जाता है। कुछ ऐसा ही मनमोहक और आत्मीय दृश्य शनिवार को इटारसी के 'बचपन प्ले स्कूल' में देखने को मिला। स्कूल के डायरेक्टर दीपक दुगाया के मार्गदर्शन और प्रिंसिपल मंजू ठाकुर के नेतृत्व में शनिवार को एक अनूठी इको-फ्रेन्डली राखी और थाली डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया।

अमूमन ऐसे आयोजनों में माताओं की ही भागीदारी अधिक देखी जाती है, लेकिन इस बार पिताओं ने भी बच्चों के साथ मिलकर अपनी



कलात्मकता का परिचय दिया। वहीं इको-फ्रेन्डली राखी थाली सजाओ प्रतियोगिता में 30 माताओं ने अपने बच्चों के साथ मिलकर बड़े ही जतन से थालियां सजाईं। इको-फ्रेन्डली राखी मेकिंग में 8 पिताओं ने हिस्सा लिया और बच्चों के साथ मिलकर प्राकृतिक सामग्रियों से बेहद खूबसूरत राखियां तैयार कीं। सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण का संदेश देते हुए प्लास्टिक का उपयोग न कर मौली, जूट, कागज, अनाज और प्राकृतिक चीजों का बेहतरीन इस्तेमाल किया।

प्रतिभा का सम्मान और विजेताओं की सूची

इस रचनात्मक आयोजन में निर्णायक की अहम और कठिन भूमिका श्रीमती अंशु अग्रवाल और श्रीमती प्रलभ अग्रवाल ने निभाई। स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चों और अभिभावकों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों को उपहार प्रदान किए गए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

ये रहे प्रतियोगिता के विजेता

इको-फ्रेन्डली राखी थाली डेकोरेशन (मदर), मीना साहू प्रथम, गुरप्रीत कौर सलूजा द्वितीय, श्रद्धा गौर तृतीय, इको-फ्रेन्डली राखी मेकिंग (फादर), मनोज साहू प्रथम, जितेन्द्र गौर द्वितीय, निपुण सिंघल तृतीय विजेता रहे।

जन्मभूमि जमानी में याद किए गए व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई

साई स्मारक पर ग्रामवासियों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन, 2 अक्टूबर को होगा परसाई समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सुप्रसिद्ध व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई की जन्मभूमि जमानी में शनिवार को उनके जन्मदिवस के अवसर पर ग्रामवासियों ने उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया। इस अवसर पर परसाई के स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

ज्ञातव्य है कि प्रतिवर्ष हरिशंकर परसाई के जन्मदिवस के अवसर पर जमानी में उन्हें समर्पित भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस वर्ष अपरिहार्य कारणों से यह आयोजन 2 अक्टूबर को किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रतिवर्ष ऐसे विशिष्ट साहित्यकार अथवा



कलाकार को परसाई सम्मान से सम्मानित किया जाता है, जो परसाई की साहित्यिक एवं वैचारिक परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। इस वर्ष सुप्रसिद्ध चित्रकार अवधेश वाजपेयी को परसाई सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विख्यात आलोचक एवं कवि डॉ. विजय बहादुर सिंह होंगे। वहीं विवेचना रंग मंडल, जबलपुर के कलाकारों द्वारा हरिशंकर परसाई की रचनाओं पर आधारित व्यंग्य नाट्य की प्रस्तुति दी जाएगी। नाट्य प्रस्तुति का निर्देशन प्रगति विवेक पांडे करेंगी।

परसाई समारोह का आयोजन ग्राम पंचायत जमानी एवं हरिशंकर परसाई समिति, जमानी द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। आयोजन में गांव की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं का भी सहयोग रहेगा।

शनिवार को आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सरपंच कला कमरे, जनपद सदस्य सुखराम, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक अश्विनी दुबे, आर.बी. चौधरी, सुभाष दुबे, केवल राम गौर, हेमंत दुबे, सचिव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम एवं आयोजन की जानकारी समिति के सदस्य हेमंत दुबे ने दी।

खेल-खेल में नन्हे बच्चों ने जाना रंगों का अनोखा संसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंण्डरी स्कूल, नर्मदापुरम के प्री-प्राइमरी विंग में 18 से 21 अगस्त 2026 तक आयोजित 'कलर वीक' ने विद्यालय परिसर को रंगों और उमंगों से सराबोर कर दिया। नर्सरी से यूकेजी तक के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने खेल-खेल में रंगों की दुनिया को जाना, समझा और अपनी रचनात्मकता के रंगों से उसे और भी खूबसूरत बना दिया।कलर वीक के दौरान विद्यालय परिसर गुलाबी, आकाशी नीले, पीले, नारंगी, लाल और हरे रंगों की मनमोहक



छटा से सजा नजर आया। डायरेक्टर डॉ आशीष चटर्जी ने कहा कि, "कलर वीक जैसी गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। रंगों की पहचान के साथ-साथ ऐसी गतिविधियों से बच्चों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास, सहभागिता, सहयोग और सामाजिक कौशल का विकास होता है। खेल-खेल में सीखने की यह प्रक्रिया शिक्षा को बच्चों के लिए अधिक आनंददायक और प्रभावी बनाती है। कार्यक्रम को सफल एवं आकर्षक बनाने में दीप्ति पलिया, प्रियंका यादव,मंगला केवट, अमिता यदुवंशी एवं रेखा कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

डोलरिया के खेड़ापति माता मंदिर चल रही कथा

श्रीमद् भागवत कथा में धूमधाम से भक्तों ने मनाया भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

ग्राम डोलरिया स्थित खेड़ापति माता मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान शनिवार देर शाम भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम और भक्तिमय माहौल में मनाया गया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग आते ही पूरा कथा पंडाल "नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" के जयकारों से गूंज उठा।

श्रद्धालु भक्ति में झूमते और नाचते नजर आए।कथा व्यास पंडित आचार्य संतोष जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा सुनाते हुए कहा कि कलियुग में श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण मनुष्य को आध्यात्मिक शांति प्रदान



करता है और अहंकार का नाश करता है। उन्होंने कहा कि जब धरती पर अत्याचार और अनाचार बढ़ गया, तब भगवान श्रीकृष्ण ने देवकी के आठवें गर्भ से जन्म लेकर अत्याचारी कंस का संहार किया। इस दौरान उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का भी सुंदर वर्णन किया।श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण के स्वरूप में सजे नन्हे बालक के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। आयोजन स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना रहा।

भागवत कथा के मुख्य यजमान श्री हुकम सिंह बसाया जी द्वारा विधिवत भागवत कथा का पूजन किया जा रहा है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश गौर, मंडल अध्यक्ष दीपेंद्र राजपूत, सत्येंद्र सिंह परिहार सहित अन्य वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

तवा बांध अब भी 21 फीट खाली, बारिश पिछले साल के मुकाबले हुई लगभग आधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी/नर्मदापुरम

अगस्त का महीना अपने अंतिम पड़ाव पर है, लेकिन नर्मदापुरम जिले में झमाझम बारिश का इंतजार अब भी जारी है। जिले में मानसून का कमजोर दौर बना हुआ है, जिसका सीधा असर अंचल के प्रमुख जलाशयों और कृषि गतिविधियों पर पड़ रहा है। आधिकारिक दस्तावेज के आंकड़े इस बात की तस्दीक कर रहे हैं कि जिले में इस साल बारिश का ग्राफ पिछले साल की तुलना में काफी नीचे गिर गया है।

तवा बांध में पानी की आवक धीमी

जिले की जीवनदायिनी कहे जाने वाले तवा बांध में पानी की आवक बेहद धीमी है। तवा जलाशय का वर्तमान जलस्तर 1145.00 फीट दर्ज किया गया है। तवा बांध का अधिकतम जलस्तर 1166.00 फीट है। इस प्रकार, भारी बारिश के अभाव में तवा डैम अपनी पूर्ण क्षमता से अभी भी 21 फीट खाली है। कैचमेंट एरिया (पचमढ़ी और बैतूल के ऊपरी हिस्से) में लगातार तेज बारिश न होने के कारण बांध के जलस्तर में अपेक्षित वृद्धि नहीं हो पा रही है। भू-संसाधन प्रबंधन द्वारा जारीआंकड़े जिले में अल्पवर्षा की स्थिति को स्पष्ट करते हैं।



- **वर्षा** जिले में पिछले 24 घंटों (सुबह 8 बजे तक) की औसत वर्षा मात्र 6 .2 मिलीमीटर ही दर्ज की गई है।
- **अब तक की कुल वर्षा :** इस वर्ष जिले में अब तक केवल 590 .9 मिमी औसत वर्षा हुई है।
- **पिछले वर्ष से तुलना :** गत वर्ष इसी समयावधि तक जिले में 1021 .4 मिमी शानदार बारिश हो चुकी थी।
- **जिले का औसत :** नर्मदापुरम जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370 .5 मिमी (54 .0 इंच) है, जिसके मुकाबले वर्तमान बारिश का आंकड़ा आधे से भी कम है।

खबर संक्षेप

ट्रैक्टर की चपेट में आए किसान की मौत



बैतूल। बैतूल बाजार के किसान अनुज वर्मा की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल अनुज वर्मा को पहले निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां करीब तीन घंटे उपचार के बाद नागपुर रेफर किया गया। हालांकि, नागपुर ले जाते समय रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार शुक्रवार दोपहर वे जैतापुर स्थित अपने खेत जा रहे थे। इसी दौरान बीज निगम कार्यालय के सामने वे ट्रैक्टर की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीरों ने अनुज वर्मा को निजी अस्पताल पहुंचाया। करीब तीन घंटे उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर होने पर नागपुर रेफर किया गया। नागपुर ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। इसके बाद शव को जिला अस्पताल लाया गया। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। अस्पताल पुलिस चौकी ने मर्ग डायरी आगे की जांच के लिए बैतूल बाजार पुलिस को भेज दी है। मृतक के एक बेटा और एक बेटी हैं। पुलिस हादसे की वास्तविक परिस्थितियों की जांच कर रही है।

बंद कमरे में मिला युवक का 20 दिन पुराना शव

बैतूल। बैतूल के गंज थाना क्षेत्र के जाकिर हुसैन वार्ड में शनिवार को बंद मकान की ऊपरी मंजिल से युवक का करीब 20 से 25 दिन पुराना शव मिला। पड़ोसियों को दो-तीन दिन से मकान से बदबू आ रही थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मकान की जांच की। इसके बाद अंदर से शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान 35 वर्षीय शेख वसीम के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, शव काफी पुरानी अवस्था में था। शरीर का अधिकांश हिस्सा खराब हो चुका था और हड्डियां ही बची थीं। शव पर इल्लियां भी पड़ गई थीं। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां शनिवार को पोस्टमार्टम कराया गया। गंज थाना प्रभारी नीरज पाल ने बताया कि मकान वसीम की दादी का है। मकान में ताला लगा रहता था। वसीम खिडक़ी से अंदर आता-जाता था और वहीं अकेला रहता था। वह पहले जूते-चप्पल की दुकान चलाता था। पुलिस के अनुसार, वह शराब पीने का आदी था। उसके मकान में आने-जाने की जानकारी आसपास के लोगों को भी नहीं थी। पुलिस को आशंका है कि शराब के नशे में वसीम की तबीयत बिगड़ी होगी और इसी दौरान उसकी मौत हो गई। हालांकि, पुलिस ने अभी मौत की वजह की पुष्टि नहीं की है। पुलिस शॉर्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। मौत की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ होगी।

जिला स्तरीय उन्मुखीकरण संपन्न

बैतूल/कोलगांव। राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार एवं डाइट प्राचार्य सरिता आंडे के मार्गदर्शन में शिक्षक व्यावसायिक उन्नयन कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित होने वाले जन शिक्षा केंद्र स्तरीय शैक्षिक संवाद को सुचारू एवं प्रभावी रूप से संचालित करने के उद्देश्य से सहजकर्ताओं का जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डाइट प्राचार्य श्रीमती सरिता आंडे, प्रशिक्षण प्रभारी गजानन्द पंडाग्रे, जिला स्तरीय सहजकर्ता रितेश कुमार पठाडे एवं श्रीमती प्रभावती पवार, सहित कुल 144 प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिले के 79 जन शिक्षा केंद्र से दो-दो सहजकर्ताओं ने सहभागिता की। उन्मुखीकरण के दौरान कक्षा से जुड़ाव, जॉयफुल लर्निंग हेतु एक पहल विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। सहजकर्ताओं को बताया गया कि बच्चों के सीखने की प्रक्रिया को आनंददायक एवं सहज बनाना क्यों आवश्यक है तथा प्रत्येक बच्चे को अपनी पहचान बनाने, अपनी रुचि के अनुसार सीखने के अवसर प्राप्त करने और खुशी-खुशी सीखने के लिए प्रोत्साहित उद्देश्य है।

सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी तेज रफ्तार कार

मुलताई-बैतूल मार्ग पर सड़क हादसा, पति पत्नी समेत तीन की मौत, 8 लोग गंभीर

नागपुर के बुट्टी बोरी क्षेत्र से सीहोर के कुबेरेश्वर धाम दर्शन के लिए जा रहे थे श्रद्धालु, झपकी आने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई



मुलताई-बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम भिलाई के समीप स्थित जीतू ढाबे के पास शनिवार तड़के करीब 3 बजे एक दर्दनाक सडक़ हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार सडक़ किनारे खड़े ट्रक के पीछे जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार पति-पत्नी समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार में सवार सभी लोग महाराष्ट्र के नागपुर के समीप बुट्टी बोरी क्षेत्र के कोल माइंस इलाके के निवासी बताए जा रहे हैं। सभी श्रद्धालु सीहोर स्थित कुबेरेश्वर धाम में दर्शन के लिए जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम भिलाई के पास उनकी कार सडक़ किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आशंका जताई जा रही है कि देर रात यात्रा के दौरान चालक को झपकी आने के कारण सडक़ किनारे खड़ा ट्रक दिखाई नहीं दिया और कार सीधे उसके पीछे जा घुसी। हालांकि, हादसे की वास्तविक वजह पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

घायलों को नागपुर रेफर किया

हादसे में 42 वर्षीय दीपक और उनकी 40 वर्षीय पत्नी छाया की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, तीसरी मृतक महिला की पहचान फिलहाल नहीं हो सकी है। पुलिस द्वारा मृतकों की पहचान और घटना के अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है। हादसे में घायल हुए लोगों में 10 वर्षीय नैतिक, 45 वर्षीय उज्ज्वला, 25 वर्षीय नीता, 18 वर्षीय अनुष्का, संगीता, शंभु, प्रज्वल और 30 वर्षीय कार चालक सौरभ शामिल हैं। हादसे की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल मुलताई के सरकारी अस्पताल लाया गया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए सभी को बेहतर उपचार के लिए नागपुर रेफर किया गया।

टक्कर इतनी जोरदार की कार के उड़े परखच्चे

चश्मदीदों के अनुसार कार और ट्रक के बीच टक्कर बेहद भीषण थी। दुर्घटना में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि अगला पहिया टूटकर अलग हो गया। कार की छत और आगे का हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने से हादसे की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने की कार्रवाई की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि सडक़ किनारे खड़े ट्रक की स्थिति क्या थी और दुर्घटना के समय कार की गति कितनी थी। हादसे के अन्य कारणों की भी जांच की जा रही है।

2.7 लीटर देशी मदिरा जब्त

अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की कार्रवाई, 6 प्रकरण दर्ज

1450 किलो महुआ लाहन किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में आबकारी वृत्त आमला के ग्राम पोही, लालावाड़ी, उमरिया, सालईढाना सहित अन्य क्षेत्रों में सामूहिक जिला दबिश की कार्रवाई की गई। जिला आबकारी अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह चढ़ार ने बताया कि मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत 6 आपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए। मौके से 35 लीटर हाथ भ_ी मदिरा एवं 2.7 लीटर देशी मदिरा जब्त की गई। साथ ही अवैध रूप से शराब बनाने में उपयोग किए जा रहे 1450 किलोग्राम महुआ लाहन को विधिवत नष्ट किया गया। जब्त मदिरा एवं नष्ट किए गए महुआ लाहन का अनुमानित मूल्य 1 लाख 51 हजार रुपये बताया गया है। इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी लीला मुकाती, आबकारी वृत्त आमला प्रभारी उपनिरीक्षक जुथिका वर्मा, आबकारी उपनिरीक्षक पंकज लोखंडे, पूजा मालवीय सहित आबकारी विभाग के मुख्य आरक्षक एवं आरक्षक उपस्थित रहे।

आरोपी गिरफ्तार

चोरी का पर्दाफाश, करीब 4 किलो कांसे का घंटा बरामद



बैतूल। आठनेर पुलिस ने शिव मंदिर परिसर से कांसे का घंटा चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 4 किलोग्राम वजनी कांसे का घंटा भी बरामद किया है। फरियादिया उषा झाडे पति इंद्रकिशोर झाडे (40) निवासी देहगुड़ ने थाना आठनेर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि शिव मंदिर में लगा कांसे का घंटा किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना आठनेर में धारा 305(घ) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

विवेचना के दौरान थाना आठनेर पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर फरियादिया, आसपास के किसानों एवं रहवासियों से पूछताछ की गई तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर से प्राप्त महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर पुलिस ने संदेह के आधार पर सुभाष पिता इंद्रकिशोर झाडे, उम्र 40 वर्ष, निवासी देहगुड़ को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी द्वारा मंदिर में लगा कांसे का घंटा चोरी करना स्वीकार किया गया। आरोपी के कब्जे से चोरी गया करीब 4 किलोग्राम वजनी कांसे का घंटा बरामद किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह परिहार, उनि. मांगीलाल ठाकरे, सउनि. संतोष चौधरी, प्रआर. निर्मल सिंह पवार, आर. बीरबल मीणा एवं मआर. निधि सेंगर की भूमिका रही।

56 विद्यार्थियों को वितरित की साइकिल



भौंरा। शासकीय बालक उत्तर माध्यमिक विद्यालय भौंरा में शनिवार को साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक गंगा सज्जन सिंह उईके ने विद्यार्थियों को साइकिल वितरित की। इस दौरान शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भौंरा के 16 छात्र, शासकीय बालक उत्तर माध्यमिक विद्यालय भौंरा की 17 छात्राएं तथा शासकीय हाई स्कूल कछार के 13 छात्र और 10 छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति दी। विधायक ने विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हुए मोबाइल और अन्य गतिविधियों में अधिक समय न देने तथा रील बनाने के बजाय पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने की समझाइश दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एसके कटारे ने विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष निर्माण की मांग रखी। उन्होंने बताया कि कक्षों की कमी के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई में परेशानी होती है। वहीं प्राचार्य शिवनारायण बारसे ने आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय परिसर में खेल मैदान निर्माण की मांग रखी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक पंकज मालवीय ने किया। हाई स्कूल कछार की प्राचार्य निलेश राय ने कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शिक्षकों के प्रयास से परीक्षा परिणाम को शत-प्रतिशत लाने का लक्ष्य रखा गया है।

मंदिरों में चोरी एवं अन्य चोरी की वारदातों का खुलासा, चोरी का मशरूका बरामद

साप्ताहिक बाजार में चोरी करते आरोपी रंगे हाथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

आठनेर पुलिस ने चोरी के विभिन्न प्रकरणों में प्रभावी कार्रवाई करते हुए बाल अपचारी से चोरी का मशरूका बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आठनेर क्षेत्र में ग्राम गुनखेड़ के मंदिर, नाग मंदिर आठनेर एवं शिव मंदिर आठनेर की दानपेटियों से 10 एवं 11 जुलाई की दरमियानी रात्रि में अज्ञात चोर द्वारा मंदिरो में घुसकर मंदिर की दान पेटियो का ताला तोडक़र चोरी करने की घटना को अंजाम दिया था। चोरी की सूचना पर थाना प्रभारी आठनेर नरेंद्र सिंह परिहार द्वारा घटनास्थल पहुंचकर मौका मुआयना किया गया। निरीक्षण के दौरान फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट निरीक्षक आबिद अंसारी एवं डॉग स्क्वाड टीम द्वारा मौके से महत्वपूर्ण साक्ष्य संकलित किए गए। वहीं थाना आठनेर में मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरणों में मुखबिर सूचना के आधार पर एक बाल अपचारी को अभिरक्षा में लेकर हिकमत-अमली से पूछताछ की गई। पूछताछ में बाल अपचारी के कब्जे/निशानदेही से चोरी का मशरूका बरामद किया गया, जिसमें एक मोबाइल फोन, कीमत लगभग 11,000 रुपये, नगद 1,700 रुपये, ग्राम गुनखेड़ के मंदिर, नाग मंदिर आठनेर एवं शिव मंदिर आठनेर की दानपेटियों से चोरी किए गए नगद 5,000 रुपये, एक पल्सर मोटरसाइकिल, कीमत लगभग 1,20,000 रुपये शामिल है। बाल अपचारी को किशोर न्यायालय, बैतूल के समक्ष पेश किया गया, जहां से माननीय न्यायालय के आदेशानुसार उसे बाल संप्रेक्षण गृह में निरुद्ध किया गया है।

मूलतापी रील मेकिंग प्रतियोगिता सीजन-3 शुरू कैमरे में कैद हो रही मुलताई की विरासत

बैतूल, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा और नागपुर के 35 क्रिएटर्स ले रहे हिस्सा



मुलताई। पवित्र धार्मिक नगरी मूलतापी की विरासत, संस्कृति और पहचान को सोशल मीडिया के माध्यम से देश-दुनिया तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित मूलतापी रील मेकिंग प्रतियोगिता सीजन-3 की शुरुआत हो गई है। आयोजन के सूत्रधार पत्रकार एवं अधिवक्ता कुलदीप पहा? ने बताया कि इस बार प्रतियोगिता में मुलताई के अलावा बैतूल, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा और महाराष्ट्र के नागपुर से कुल 35 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

प्रतियोगिता के तहत 20 अगस्त को सभी प्रतिभागियों को मुलताई की विरासत, संस्कृति और भविष्य विषय दिया गया। विषय मिलते ही क्रिएटर्स ने स्क्रिप्ट तैयार करने के साथ ही वीडियो शूटिंग शुरू कर दी। इन दिनों मुलताई और माँ ताप्ती सरोवर के आसपास कैमरे, मोबाइल और ड्रोन के साथ क्रिएटर्स शहर की खूबसूरती, धार्मिक आस्था, संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत को अपने-अपने अंदाज में कैमरे में कैद करते नजर आ रहे हैं। प्रतिभागियों को अपनी तैयार रील 24 अगस्त तक इंस्टाग्राम पर अपलोड करनी होगी। इसके बाद 30 अगस्त को मुलताई में क्रिएटर मीटअप आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रतियोगिता का जजमेंट करने के साथ ही पुरस्कार वितरण समारोह भी होगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 11 हजार रुपये पल्लू अग्रवाल, द्वितीय पुरस्कार 5,100 रुपये नीरज ठाकरे और तृतीय पुरस्कार 2,100 रुपये अनीश नायर द्वारा प्रदान किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, मूलतापी रील मेकिंग प्रतियोगिता के सीजन-3 का उद्देश्य मुलताई की पहचान और स्थानीय विरासत को डिजिटल मंच पर नई ऊंचाई देना है।

घोड़ाडोंगरी में 24, आठनेर में 83 यूनिट रक्तदान

जिलेभर में रक्तदान शिविर लगा रहा ब्रम्हकुमारी संस्थान, अब तक 107 यूनिट रक्तदान हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



आठनेर के लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में शनिवार को राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 19वीं पुण्य स्मृति दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारी संस्थान की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लोगों ने उत्साह के साथ पहुंचकर रक्तदान किया। दोपहर बाद तक 83 यूनिट रक्त एकत्र हो चुका था। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आवश्यक सहयोग किया और अन्य प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद रक्तदान कराया। आयोजकों ने लोगों से रक्तदान जैसे मानव सेवा के कार्य में आगे आकर सहभागिता करने की अपील की। आयोजकों का कहना है कि रक्तदान से जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में मदद मिलती है। इसी उद्देश्य से शिविर आयोजित किया गया है।

राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 19वीं पुण्य स्मृति दिवस के अवसर पर आठनेर की तरह 23 अगस्त रविवार को ब्रह्माकुमारीज भाग्य विधाता भवन बैतूल में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। बताया जा रहा है कि यह अभियान पूरे जिले में चलाया जा रहा है। मंगलवार को मुलताई में रक्त दान शिविर लगाया जाएगा। ब्रह्माकुमारीज ने अधिक से अधिक लोगों से शिविर में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की है। आयोजकों के मुताबिक अब तक घोड़ाडोंगरो में 24 यूनिट और आठनेर में 83 यूनिट रक्तदान हो चुका है। बैतूल और मुलताई में लगने वाले शिविर में 100 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य रखा गया है। जिस तरह से रक्तदाता शिविर में पहुंच रहे हैं, उससे लक्ष्य से अधिक रक्तदान होने की उम्मीद जताई जा रही है। ब्रह्मकुमारी बीके तरूण ने बताया कि शिविर में लोगों दान से एकत्रित रक्त जिला अस्पताल के जरूरत मंद मरीजों को उपलब्ध कराया जाएगा,ताकि किसी मरीज की जान बच सके।

जेईई-नीट की तैयारी के लिए विद्यार्थियों को मिलेगी बेहतर सुविधाएं

शिक्षकों का समर्पण ही गढ़ेगा भावी पीढ़ी का उज्ज्वल भविष्य: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बेहतर एवं सुविधाजनक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शिक्षा संजीवनी अभियान के तहत शनिवार को जेएच कॉलेज ऑडिटोरियम में अभिनव कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में शिक्षकों के साथ विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। शिक्षकों ने भी अभियान को प्रभावी बनाने के लिए अपने सुझाव साझा किए। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने शिक्षा संजीवनी अभियान के तहत अधिकारियों, समाजसेवियों, जिलेवासियों से जनभागीदारी की अपील की है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बाउंड्रीवॉल, डेस्क-बेंच, बिजली, पंखे, प्रकाश व्यवस्था एवं क्रियाशील शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने में सभी सहयोग करें। शिक्षक, पालक, जनप्रतिनिधि अधिकारी एवं नागरिक अपने स्तर पर विद्यालयों की आवश्यकताओं को पूरा करने में सहभागिता निभाएं। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से विद्यार्थियों के लिए बेहतर एवं सुविधाजनक शैक्षणिक वातावरण तैयार किया जा सकता है। उन्होंने सभी से अभियान में सक्रिय भागीदारी कर शिक्षा संजीवनी को जनअभियान बनाने का आह्वान किया है। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षकों का पूर्ण रूप से समर्पित होकर कार्य करना भविष्य की भावी पीढ़ी के निर्माण के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा। शिक्षक विद्यार्थियों के मार्गदर्शक और उनके भविष्य को दिशा देने वाले होते हैं। इसलिए प्रत्येक शिक्षक की प्राथमिकता विद्यार्थियों के हित में पूरी निष्ठा, जिम्मेदारी और समर्पण के साथ कार्य करना होना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान जेईई एवं नीट की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के संबंध में शिक्षकों से जानकारी ली गई। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी के लिए आवश्यक अध्ययन सामग्री एवं डिजिटल संसाधन उपलब्ध कराने, जेईई एवं नीट की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए सब्सक्रिप्शन आधारित अध्ययन सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

साप्ताहिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर होगा सम्मान

जेईई एवं नीट की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों की नियमित प्रगति का आकलन करने के उद्देश्य से आयोजित साप्ताहिक टेस्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, और शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित किया जाएगा, ताकि उनमें प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति आत्मविश्वास और बेहतर प्रदर्शन की भावना विकसित हो। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने शिक्षकों से कहा कि वे प्रत्येक विद्यार्थी की रुचि, क्षमता और प्रतिभा को पहचानकर उसके अनुरूप भविष्य की तैयारी के लिए मार्गदर्शन दें। विद्यार्थी जिस क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहता है, उसे उसी दिशा में आवश्यक जानकारी, मार्गदर्शन और अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाए। विशेष रूप से सुपर-100 विद्यार्थियों की तैयारी पर फोकस करते हुए उन्हें उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जाएगा। सहायक कलेक्टर पुष्पराज खोट, जनजातीय कार्य विभाग सहायक आयुक्त वात्सल्य शिवहरे, जिला शिक्षा अधिकारी पूनम वरकडे उपस्थित रही।

समक्ष - न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय बैतूल म.प्र.

विवाहको के स्थिरीकरण के लिये समंस (आदेश 5 नियम 1 और 5)
प्रकरण कं. RCSA-12/2026 पेशी दिनांक 28/09/2026

वंदना बनखेड़े..... आवेदिका
विरूद्ध
रऊफ शेख..... अनावेदक

प्रेषिती- रऊफ शेख पिता गफूर शेख उम्र-43 वर्ष लगभग, पेशा ठेकेदार एवं प्रापर्टी व्यवसायी, पता-प्रशांत विहार कालोनी, गौठाना बैतूल, तहसील व जिला बैतूल (मप्र.) आवेदिका वंदना बनखेड़े पत्नी रऊफ शेख आयु 34 वर्ष पेशा गृहणी निवासी द्वारा पिता श्री रमेश बनखेड़े तासी बस स्टाप, ग्राम एवं पोस्ट-घुटीगढ़ (कोलगांव) तहसील जिला-बैतूल (मप्र.) ने आपके विरूद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा-वाद वास्ते विवाह विच्छेद की घोषणा एवं स्थाई निषेधाज्ञा हेतु किये जाने बाबत का प्रकरण संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 28-09-2026 को दिन मे 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय मे स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक् अनुदेश दिए हो और जो इस प्रकरण से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो, जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। (आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजें, जो आपके कब्जे या शक्ति मे है, पेश करें, जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपको कब्जे या शक्ति मे हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन मे साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसा दस्तावेज की, लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची मे प्रविष्टि करे)। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे, तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। यह आज दिनांक 20-08-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

(शिवबालक साहू) प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय, बैतूल मप्र.

खबर संक्षेप

सेनानी परिवार द्वारा फूड बॉस्केट प्रदान की

माखननगर। माखन नगर शुक्रवार को नगर के मंडी प्रांगण में मुख्य मंत्री जन विश्वास शिविर का आयोजन किया गया , कार्यक्रम में विधायक एवं लोकसभा एवं राज्यसभा सांसद उपस्थित रहे _ कलेक्टर ने, विभिन्न स्टालों पर पहुंचकर जानकारी ली योजनाओं के बारे में बतलाया, पुलिस अधीक्षक ने _नागरिकों से साइबर अपराध होने पर 1930पर शिकायत कराने की अपील की। कार्यक्रम के अवसर पर सी एम एच ओ, STS देवनारायण, की उपस्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बी एम ओ को लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष दीपक वर्मा, संजय वर्मा, ने स्वतंत्रता संग्राम परिवार द्वारा टीवी मरीजों को 20 फूड बास्केट का वितरण किये, इस अवसर पर दिनेश सोनी, राजेंद्र वर्मा भी उपस्थित रहे।

रविदास शक्ति केंद्र की बैठक संपन्न

नर्मदापुरम। भारतीय जनता पार्टी नर्मदापुरम नगर मंडल के शक्ति केन्द्र क्रमांक-6, संत रविदास वार्ड क्रमांक 10 एवं 11 की मासिक संगठनात्मक बैठक शनिवार को अनिल दुबे के निवास मालाखेड़ी में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष लोकेश तिवारी ने कहा कि बूथ स्तर पर पन्ना प्रभारियों को भी संगठनात्मक गतिविधियों से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सामूहिक रूप से श्रवण करें। साथ ही कार्यक्रम की जानकारी संगठन ऐप पर अनिवार्य रूप से अपलोड करें।

कक्ष की छत के ऊपरी सिरे से निकल रही पपड़ी, रखरखाव में बड़ी लारवाही

बारिश में सोहागपुर सरकारी अस्पताल का प्रसूति गृह कक्ष हुआ पानी-पानी

सोहागपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का प्रसूति गृह निर्माण में बरती गई लापरवाही के चलते मरीजों व स्वास्थ्यकर्मियों को परेशानी हो रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का प्रसूति गृह निर्माण में बरती गई लापरवाही के चलते शर्म से पानी-पानी हो गया है। बारिश से कक्ष में पानी भरने के कारण मरीजों व स्वास्थ्यकर्मियों को परेशानी हो रही है। बताया जाता है कि गत दिवस लोनिवि के एसडीओ स्तर के अधिकारी ने प्रसूति गृह का निरीक्षण किया तो पाया कि कक्ष का फर्श पानी में डूबा था एवं छत व दीवारें गीली थीं। जिसके कारण दोहरी समस्या बनी हुई है। पहली समस्या नमी से संक्रमण की तथा दूसरी समस्या दीवारों में नमी से बिजली करंट की बन सकती है। लोगों ने बताया कि निर्माण दौरान बरसाती पानी पर रोक की व्यवस्था नहीं की गई। मनमानी एवं लापरवाही का परिणाम है कि बारिश ने घटिया निर्माण के बाद किए गए घटिया मेंटनेंस की पोल खोल दी है। मामले में कर्मचारियों ने कहा कि कक्षों की दीवारें गीली होने से अति संवेदी उपकरणों की कार्य क्षमता प्रभावित हो सकती है।

संक्रमण टालने बदला कक्ष

अस्पताल के पुराने भवन के प्रसूति गृह में पानी भरने से स्वास्थ्य कर्मियों को गर्भवती महिलाओं, प्रसूताओं तथा नवजात शिशुओं



तक जाने में परेशानी होने लगी थी। जिसके चलते गर्भवती महिलाओं, प्रसूताओं एवं नवजात शिशुओं को दूसरे कक्ष में शिफ्ट किया गया है। लेकिन नई जगह पर मात्र आठ बिस्तर लगाए जा सकते हैं, जबकि पुराने कक्ष में 12 बिस्तर लगते थे। जानकारी के बाद भी जिला स्तर से सुधार की कार्रवाई नहीं की जा रही है।

दोषी कौन..??

मामले में हरिभूमि ने जानकारी ली तो पता चला कि कभी लोनिवि भवन का मेंटेनेंस करता था। बाद में मेंटनेंस की व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग को सौंपी गई तो विभाग के ही तकनीकी पदधारी मेंटनेंस कराने लगे। स्पष्ट है कि स्वास्थ्य विभाग के तकनीकी पदधारी ने सोहागपुर अस्पताल के प्रसूति गृह रखरखाव में गड़बड़ी की है। तभी लाखों रुपए व्यय के बाद भी प्रसूति गृह पानी-पानी हो रहा है एवं छत से पपड़ी निकल रही है। नागरिकों ने उच्च स्वास्थ्य अधिकारियों व कलेक्टर से अब तक हुए मेंटनेंस की जांच करवाने एवं दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

भेजा था पत्र

पूछताछ में सोहागपुर बीएमओ डॉ. रेखा सिंह गौर ने बताया कि उन्होंने फरवरी 2026 में भवन रखरखाव के लिए जिलाधिकारी एवं पीआईयू कार्यपालन यंत्री को पत्र भेजा था। मामले में लोनिवि के एक अधिकारी ने हरिभूमि से अनौपचारिक चर्चा में कहा कि मेंटेनेंस में त्रुटि नजर आ रही है तथा छत से पपड़ी निकल रही है। पिछली बार छत पर डाली गई सीमेंट लेयर में एयर आ गई है। छत पर चलने पर समझ आया कि कठोर छत स्पंज सी हो गई है।

हो सकते हैं ये नुकसान

- अस्पताल में प्रसूति गृह संवेदनशील स्थल होता है। जहां नमी से रोग फैल सकते हैं।
- दीवारों में नमी बैठने के कारण मरीजों, परिजनों व स्वास्थ्यकर्मियों को करंट लगने का खतरा बना रह सकता है।
- प्रसूति गृह में फफूंद लगने पर नवजात शिशुओं को संक्रमण हो सकता है।

कक्षा से जुड़ाव और जॉयफुल लर्निंग को लेकर हुआ संवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार प्रत्येक माह आयोजित किए जाने वाले शैक्षिक संवाद की श्रृंखला में शनिवार, को जनशिक्षा केंद्र तालकेसरी के अंतर्गत आने वाली माध्यमिक शालाओं के शिक्षकों का शैक्षिक संवाद शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला सिरवाड़ में आयोजित किया गया। शैक्षिक संवाद का मुख्य विषय "कक्षा से जुड़ाव एवं जॉयफुल लर्निंग हेतु एक पहल" रहा। कार्यक्रम में कक्षा 6 से 8 तक अध्यापन कराने वाले जनशिक्षा केंद्र तालकेसरी की सभी माध्यमिक शालाओं के शिक्षक शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक किया गया। शैक्षिक संवाद में शिक्षकों ने विद्यार्थियों को कक्षा से जोड़ने, सीखने की प्रक्रिया को आनंददायी एवं रुचिकर बनाने तथा कक्षा-कक्ष में बच्चों की सक्रिय सहभागिता बढ़ाने से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया।

दिए वक्तव्य

इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ. अमजद खान, जनशिक्षक लक्ष्मण सिंह इरपाचे एवं सहजकर्ता केशव पटेल ने शिक्षकों के साथ शैक्षिक संवाद करते हुए जॉयफुल लर्निंग की अवधारणा को प्रभावी ढंग से कक्षा में लागू करने पर चर्चा की। शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए तथा विद्यार्थियों के सीखने को सरल, सहज और आनंदपूर्ण बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों एवं नवाचारों पर विचार प्रस्तुत किए।

अनुभवों का आदान प्रदान रहा उद्देश्य

शैक्षिक संवाद का उद्देश्य शिक्षकों के बीच अनुभवों का आदान-प्रदान करते हुए कक्षा-कक्ष की शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, बाल-केंद्रित एवं आनंददायी बनाना रहा। कार्यक्रम में सभी संबंधित शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई।राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशों के अनुरूप आयोजित यह शैक्षिक संवाद शिक्षकों के सतत व्यावसायिक विकास तथा विद्यार्थियों के लिए आनंदपूर्ण एवं प्रभावी अधिगम वातावरण निर्मित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा

सोहागपुर के मारुपुरा क्षेत्र में निकाली गई भव्य कांवड़ यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

पावन श्रावण मास में शहर के मारुपुरा क्षेत्र में प्रतिवर्ष भव्य कांवड़ यात्रा निकाली जाती है। परंपरा अनुसार इस वर्ष भी यात्रा का आयोजन गत दिवस किया गया। शिवलिंग के जलाभिषेक के लिए निकाली गई कांवड़ यात्रा का शुभारंभ पं. ओमप्रकाश शर्मा एवं विद्या शर्मा के निवास स्थित शिवालय से किया गया, जिसमें श्रद्धालु कांवड़ लेकर शामिल हुए। यात्रा रेलवे स्टेशन, कोर्ट चौराहा एवं रामप्रसाद वार्ड से होते हुए पुनः प्रारंभ स्थल पहुंची। यात्रा के रास्ते में श्रद्धालु भगवान शिव के जयकारे लगाते नजर आए।

पं. ओमप्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में निकाली गई यात्रा में पार्षदद्वय आशीष विश्वकर्मा व रविशंकर उईके, बुद्धिप्रकाश शर्मा, फूलचंद विश्वकर्मा, बालकिशन विश्वकर्मा, कांग्रेस नेता ऋषभ दीक्षित सहित अन्य श्रद्धालु शामिल हुए।

गौतम वार्ड क्षेत्र में स्टेट हाईवे से पानी निकासी हुई शुरू, नगर परिषद ने की अस्थाई व्यवस्था

परिषद अतिक्रमण हटाकर बनाए पक्की नाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर के गौतम वार्ड में स्टेट हाईवे पर जमा होने वाले बरसाती पानी एवं कीचड़ की निकासी व्यवस्था नप ने शुरू की है। शनिवार सुबह नपकर्मी नाली का गहरीकरण कर पानी निकालते नजर आए। सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा व नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल के निर्देशानुसार गौतम वार्ड क्षेत्र में स्टेट हाईवे पर जमा होते गंदे पानी तथा कीचड़ को निकाला जा रहा है। समीप स्थित दुकानों के संचालकों ने बताया कि क्षेत्र में मकानों के सामने पक्की नाली स्वीकृत है। लेकिन अतिक्रमण के कारण नाली नहीं बन पा रही है। दुकान वालों ने कहा कि सड़क किनारे नाली खोदकर पानी निकाला जा रहा है, लेकिन यह अस्थाई समाधान है। नागरिकों के अनुसार अतिक्रमण हटाकर पक्की डाली बनाई जानी चाहिए।

इधर भी दें ध्यान

नागरिकों का कहना है कि नप गौतम वार्ड में समस्या का निराकरण कर रही है। इसी तरह नगर परिषद व स्थानीय प्रशासन को सीएम राइज स्कूल के निर्माणाधीन भवन के सामने की जलभराव समस्या का समाधान करना चाहिए। नागरिकों का कहना है कि उक्त समस्या का भी स्थाई समाधान प्रशासन को सोचना चाहिए। क्योंकि जलभराव क्षेत्र एक्सीडेंट पाइंट बनता जा रहा है।

माखनगर में हुई शांति समिति की बैठक में मुख्य बिंदु रहा यातायात व्यवस्था की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

आगामी त्योहार मिलादुन्नबी रक्षाबंधन जैसे त्योहारों पर व्यवस्था के लिए तहसीलदार सुनीता साहनी एवं थाना प्रभारी कंचन सिंह ठाकुर ने नगर के व्यापारी धार्मिक संगठनों एवं समाज सेवियों व्यापारियों की बैठक ली बैठक में मुख्य रूप से यातायात की व्यवस्था पर चर्चा हुई व्यापारी विजय जैन ने सड़क पर पार्किंग ना हो इस पर प्रशासन का ध्यान दिलाया वहीं संजय गिल्ला ने यातायात सुगम हो इसके सुझाव देते हुए कहा सड़क निर्माण से प्रतिदिन जाम से जनता परेशान है ।

शासन के अधिकारियों में समन्वय नहीं है पॉइंट पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए मस्जिद कमेटी के सदर इरफान खान ने मिलादुन्नबी त्योहार के अवसर पर नगर के मुख्य मार्गों से जुलूस निकलेगा जुलूस मार्ग पर उचित व्यवस्था की बात कही वही नगर में सोमवार को नागेश्वर कांवड़ यात्रा भी रहेगी इस पर संतोष अग्रवाल ने प्रशासन से व्यवस्था पर ध्यान देने की बात कही।


तहसीलदार सुनीता साहनी ने नगर परिषद सीएमओ को सड़क के दोनों को रेड मार्किंग कर दुकान लगवाने के निर्देश दिए हैं और कहा है इसकी मुनादी सूचना कराई



जाए फिर अगर कोई दुकान दार रेड लाइन के बाहर दुकान ठेले आदि लगाए पाए जाते हैं तो जपती की कार्रवाई की जाएगी रक्षाबंधन पर दुकान व्यवस्थित लगवाए सड़क निर्माण ठेकेदार को नोटिस देकर जगह-जगह अप्रोच रोड नहीं है उनको तुरंत बनवाने के निर्देश दिए जाएं बैठक में नगर के गणमान्य नागरिक मुस्लिम बंधु एवं व्यापारी और समाज से भी मौजूद रहे।

नहीं रहे घायल गोवंश व बिन मां के बछड़ों के निस्वार्थ सेवक और रक्षक कमलेश जैन डब्बू


हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



क्षेत्र में घायल गोवंश की निस्वार्थ सेवा के लिए चर्चित रहे गौसेवक कमलेश जैन डब्बू का शुक्रवार रात निधन हो गया। सोहागपुर सकल जैन समाज से प्राप्त जानकारी अनुसार पं. सेठ अनिल जैन, अरुण जैन, राजेश जैन, राकेश जैन के भाई तथा व्यापारियों अनुज, पीयूष तथा साहिल के पिता गौप्रेमी कमलेश जैन पुत्र स्व. छोटेलाल जैन के निधन से समाज एवं क्षेत्र शोक में है। डब्बू भाई के नाम से ख्यात गोप्रेमी कमलेश जैन द्वारा गौसेवा के लिए शहर के बिहारी चौक के समीप अहिंसा गौशाला का संचालन किया जाता था। एक सच्चे गोप्रेमी कमलेश जैन के निधन पर समाजसेवियों, आमजनों, परिजनों, परिचितों तथा मित्र मंडली ने शोक व्यक्त किया है। स्वर्गीय जैन का अंतिम संस्कार जमनी मुक्ति धाम में किया गया। समाजसेवी कन्नूलाल अग्रवाल ने अंत्येष्टि उपरांत की गई शोकसभा में कहा कि कलयुग में डब्बू जैन जैसा गोसेवक मिलना मुश्किल है। जैन समाज अध्यक्ष अभिषेक जैन एवं व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल ने बताया कि डब्बू जैन घायल एवं बीमार गोवंश की सेवा के लिए चर्चित थे। मनोज अग्रवाल ने कहा कि रेलवे स्टेशन के समीप जैन भवन में गोशाला स्थापित करना मित्र डब्बू का स्वप्न था।

नाग पंचमी मेले के बाद शहर हुआ बदहाल, मची है गंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



नाग पंचमी मेले बीते कुछ ही दिन हुए ओर पचमढ़ी में प्लास्टिक की पन्नियों को ढेर लग गया है। मेले की भीड़ तो छट गई। लेकिन पीछे छूट गई केवल अव्यवस्था ओर गंदगी शहर के प्रमुख रास्तों और मेला क्षेत्र के आसपास का नजारा इस वक्त किसी डंपिंग यार्ड जैसा नजर आ रहा है।

चारों तरफ प्लास्टिक की पन्नी,पानी की खाली बोतले और कचरे के ढेर देखे जा सकते है। सवाल यह उठता है कि हर साल लाखों रुपए का राजस्व लेने के बाद भी इन अव्यवस्थाओं और शहर की साफ सफाई की जवाब दे ही किसकी है। आम जन में ये चर्चा का विषय है।

आरएनए उत्कृष्ट विद्यालय भवन के निर्माण की शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

लोकनिर्माण विभाग की शाखा पीआईयू के कार्यपालन यंत्री अधीक्षण यंत्री मुख्य अभियंता प्रमुख अभियंता की अनदेखी के कारण कहे या कमीशन को लेकर लगातार कोई भी अधिकारी कभी भी ठेकेदार के द्वारा किए जा रहे शासकीय भवनों का गंभीरता से निरीक्षण नहीं करते हैं।शायद इसलिए सांदीपनि विद्यालय आर एन ए उत्कृष्ट विद्यालय का भवन निर्माण जिसकी लागत 24लाख रूपए है। लेकिन अधिकारी कर्मचारी ठेकेदार ने भवन की लागत कम करते हुए अन्य सामग्री लेबोरेटरी सहित अन्य सभी के कारण जो विद्यालय में बच्चों के लिए उपलब्ध करानी है।तो उसकी लागत 16 लाख कर दी गई है।सुत्रो से प्राप्त जानकारी अनुसार काफी घटिया निर्माण कार्य प्रतीत हो रहा है।ऊपर के छत पर पानी भरा हुआ है। पानी निकलने के लिए ढाल ही नहीं बनाया गया है। प्लास्टर के समय रेत को धोया नहीं गया है। मिट्टी अधिक होने के कारण दरारें पड़ रही है दीवार पर। कहीं प्लास्टर गिर रहा है।तो कहीं छत से पानी टपक रहा है।

इसी तरह से पचमढ़ी रोड पर स्थित डबल लाक के पास बालक आदिवासी सीनीयर छात्रावास भवन निर्माण कार्य किया गया है। उसकी शिकायत भी नर्मदा मेहरा नामक मजदूर ने जनसुनवाई में की थी। जिसकी जांच आर,ई, एस एसडीओ सुनील धुर्वे आदित्य स्वामी उपमंत्री शुभम साहु के द्वारा की गई थी। जांच प्रतिवेदन नर्मदापुरम जिले में कार्यपालन यंत्री को भेजा गया था। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ठेकेदार मजदूर को धमकी दे रहे हैं।

सोमवार को निकालेंगे भव्य नागेश्वर कांवड़ यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

प्रतिवर्ष अंकुर युवा संस्था एवं धार्मिक श्रद्धालुओं के सहयोग से नागेश्वर कावड़ यात्रा आयोजित की जाती है प्रतिवर्ष गनेरा चौकाघाट से नर्मदा से जल भरकर मंगलवारा बाजार स्थित प्राचीन शिवालय में भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया जाता है नागेश्वर कावड़ यात्रा की तैयारी में संस्था के संतोष अग्रवाल प्रदीप वर्मा जगदीश शर्मा बबलू मुराड़िया दीपक शर्मा आदि जोर शोर से लगे हुए हैं याद रहे इस यात्रा का मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालु स्वागत करते हैं 1 सोमवार सुबह 6बजे सभी कावड़िया नर्मदा घाट पहुंचेंगे हैं और वहां से पैदल यात्रा करते हुए शिवालय आकर अभिषेक पूजन करेंगे

तितली संरक्षण का महत्व बताकर किया पौधरोपण

महाविद्यालय में तितली संरक्षण व्याख्यान का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में प्राचार्य डॉ.नीता चौबे के निर्देशन में भोपाल बर्ड कंजर्वेशन सोसाइटी द्वारा तितली संरक्षण व्याख्यान का आयोजन किया गया।

तितली बदलती है रंग

मुख्य वक्ता के रूप में पधारे मोहम्मद खलीक द्वारा तितलियों के प्रकार,उनके रहने के स्थान , प्रजातियों के बारे विस्तृत व्याख्या करते हुए बताया यह हमारे पर्यावरण के साथी के रूप में कार्य करती हे ,अन्य वक्ता संगीता राजगीर द्वारा तितलियों के जीवन चक्र की चार



अवस्थाओं के बारे में विस्तार से समझाते हुए उनके जलवायु ,मौसम की सूचना पर नवीनतम जानकारी साझा की इसके साथ ही परभक्षियों से रक्षा के लिए अपना रंग कैसे बदलती हे ये भी बताया।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रो.दिग्विजय सिंह खत्री, डॉ.आई.एस. कनेश, कार्यक्रम अधिकारी रासेयो डॉ.कविता दुबे, डॉ.संगीता मिश्रा प्रो.अजय मेहरा, श्रुतिका कांसकार, शीतल वर्मा, डॉ.सुमन अवस्थी, शिवानी मालवीय,श्री नरोत्तम सिंह चौहान, दिनेश कुमार, हर हर शंभू दीक्षित के साथ से ही बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे 1 कार्यक्रम का संचालन वनस्पति शास्त्र के डॉ.मनीष शर्मा द्वारा किया गया तथा आभार डॉ. धर्मेंद्र सिंह चौहान रासेयो कार्यक्रम अधिकारी ने दिया।

किया पौधारोपण



महाविद्यालय में विज्ञान संकाय के सहयोग से बनाए जाने वाले प्रस्तावित तितली उद्यान के लिए लाए गए पौधों का रोपण किया गया , तितली की प्रजातियों के चित्र वाला बेनर प्रदान किया गया तथा व्याख्यान में सम्मिलित प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य का आगमन



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

शिव की पावन नगरी पचमढ़ी में मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य मंगल सिंह धुर्वे का पचमढ़ी आगमन हुआ।

ये रहे उपस्थित

मंगल सिंह धुर्वे के पचमढ़ी आगमन पर भाजपा मंडल पचमढ़ी द्वारा उनका आत्मीय स्वागत ,वंदन एवं अभिनंदन किया गया एवं सर्किट हाउस पचमढ़ी में मंडल अध्यक्ष पवन झा पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत अग्रवाल, अनुसूचित जनजाति जिला उपाध्यक्ष राकेश ध्रुवे,महेश श्रीवास, गनी भाजपा कार्यकर्ता ने भेट की एवं थाना प्रभारी पचमढ़ी भी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



12 को लगेगी नेशनल लोक अदालत

हरदा। 12 सितम्बर को इसवर्ष की तृतीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला मुख्यालय हरदा एवं समस्त तहसीलों में स्थित न्यायालयों में किया जाएगा। शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद रघुवंशी की अध्यक्षता में प्रेसवार्ता हुई। प्रधान जिला न्यायाधीश श्री रघुवंशी ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में शमनीय आपराधिक प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, एम.ए.सी.टी. प्रकरण (मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा), वैवाहिक प्रकरण, श्रम प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, विद्युत एवं जलकर/बिल संबंधी प्रकरण, राजस्व प्रकरण, दीवानी मामले तथा अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य, प्री-लिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) एवं न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का निराकरण आपसी सुलह-समझौते के आधार पर किया जावेगा।

24 घंटों में जिले में 2.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

हरदा। जिले में गत चौबीस घंटों में 2.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 3.1 मि.मी., टिमरनी में 9.3 मि.मी., खिरकिया में 0 मि.मी., सिराली में 0 मि.मी. तथा रहटगांव में 0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 617.1 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 644.4 मि.मी., टिमरनी में 651.5 मि.मी., खिरकिया में 687 मि.मी., सिराली में 558.3 तथा रहटगांव में 544.7 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 22 अगस्त तक 777.3 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

सीहोर में 41 लाख की अवैध शराब जब्त

सीहोर। गुजरात के भावनगर में जहरीली शराब पीने से हुई 9 लोगों की मौत और उसके तार मध्य प्रदेश से जुड़ने के बाद पूरे प्रदेश में पुलिस हाई अलर्ट पर है। सीहोर में कोतवाली पुलिस ने गुजरात भेजी जा रही 41 लाख रुपये मूल्य की अवैध अंग्रेजी शराब खेप पकड़ी।

पुलिस को बड़ी सफलता, दो खरगोन और एक महाराष्ट्र का आरोपी

अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश 10 लाख की 17 बाइकें बरामद, 3 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

खरगोन पुलिस को अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करने में बड़ी सफलता मिली है। जिसके अंतर्गत 10 लाख की 17 बाइक बरामद कर तीन शातिर आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। जिसमें दो खरगोन और एक महाराष्ट्र का आरोपी है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश और पुलिस अधीक्षक खरगोन रविन्द्र वर्मा के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री सिद्धू परिहार के मार्गदर्शन में उक्त बड़ी सफलता मिली है। यह जानकारी शनिवार की शाम पुलिस थाने में भीकनगांव एसडीओपी केतन अडलक और थाना प्रभारी गणपत सिंह कनेल ने एक पत्रकार वार्ता में दी है। उन्होंने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन (ग्रामीण) अनुराग और पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड़ रेंज सुश्री निमिषा पांडे ने जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए हैं।

मामले का ऐसे हुआ खुलासा से

घटना अनुसार 7 अगस्त को चौकी हेलापड़ाव पर एक फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके घर के सामने खड़ी बाइक कीमत करीब 50 हजार रुपये कोई अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गया है। इस पर थाना भीकनगांव में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। सूचना मिली कि इस चोरी में अनस और इकरार नाम के बदमाशों का हाथ है। जिनकी घेराबंदी कर आरोपी अनस को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने दो बाइक चोरी करना कबूल किया, जो बरामद भी हुईं। इस दौरान उसका साथी इकरार फरार हो गया। पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। सूचना मिली कि इकरार भागने की फिराक में है। चौकी प्रभारी हेलापड़ाव सउनि नंदकिशोर राय के नेतृत्व में टीम ने उसे भी घेराबंदी कर पकड़ लिया।

पूछताछ में खुला बड़ा राज

आरोपियों को रिमांड पर लेकर सख्ती से पूछताछ की गई तो पूरे अंतरराज्यीय नेटवर्क का खुलासा हुआ। आरोपियों ने बताया कि वे चोरी की बाइक महाराष्ट्र के रावेर जिला जलगांव निवासी समीर को बेचते थे। समीर को भी पुलिस ने इस मामले में आरोपी बनाया है। तीनों की निशानदेही पर कुल 15 और बाइकें बरामद की गईं। इस तरह कुल 17 बाइकों में खरगोन जिले की 10, इंदौर की 2 और महाराष्ट्र की 5 बाइकें शामिल हैं।

गिरफ्तार आरोपी

इकरार उर्फ जिकार उर्फ बेरी पिता हयात खान, उम्र 23 साल, निवासी गोपालपुरा खरगोन, अजहरू उर्फ अजहर पिता मुबारक शेख, उम्र 22 साल, निवासी जिजावती नगर खरगोन, समीर पिता मोहम्मद शेख, उम्र 23 साल, निवासी रावेर जिला जलगांव।

चोरी का तरीका

आरोपियों ने बताया कि वे ऐसी बाइक तलाशते थे जिनके लॉक पुराने हों या जिनमें चाबी लगी रह गई हो। मास्टर चाबी से लॉक खोलकर बाइक चोरी कर लेते थे। चोरी के बाद कुछ बाइक वे रावेर में बेच देते थे और कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूरी का बहाना बनाकर लोगों के पास गिरवी रखकर रुपए ले लेते थे। इस पूरी कार्रवाई में एसडीओपी भीकनगांव केतन अडलक के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी श्री गणपत कनेल के नेतृत्व में चौकी प्रभारी सउनि नंदकिशोर राय, प्रआर लोहंसिंह वास्कले, आर धर्मेन्द्र यादव, आर राहुल कोगटकर, आर जितेंद्र और साइबर सेल के आर 275 अभिलाष डोंगरे व सोनू वर्मा का विशेष योगदान रहा।

अस्पताल में तैनात किया बल

दो पक्षों में विवाद में 6 घायल, दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज किया

हरदा। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अन्नापुरा के पास शनिवार सुबह दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। विवाद में दोनों पक्षों के कुल छह लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद अस्पताल में दोनों पक्षों के लोगों की भीड़ जुटने पर पुलिस बल तैनात किया गया। एएसपी अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि विवाद शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर में बच्चों के बीच हुए झगड़े से शुरू हुआ था। 11वीं कक्षा के छात्र वासु विश्नोई, पिता केवलराम विश्नोई के साथ मारपीट हुई थी। मामले में सिटी कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसी विवाद को लेकर शनिवार सुबह प्रताप कॉलोनी स्थित एक जिम में दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इस दौरान योगेश पिता मोहन जाट के साथ मारपीट हुई। घटना के बाद दोनों पक्षों के लोग जिला अस्पताल पहुंच गए, जहां पुलिस ने शांति व्यवस्था के लिए बल तैनात किया। मारपीट में एक पक्ष से सामरधा निवासी केवलराम विश्नोई (46), उनके छोटे भाई रामफूल विश्नोई और रोहित विश्नोई (32) घायल हुए हैं। वहीं, दूसरे पक्ष से ओम (42), ओमप्रकाश जाट (50) और योगेश जाट घायल हुए हैं। सभी का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। सामरधा के लोगों का आरोप है कि 8 से 10 लोगों ने वासु विश्नोई के साथ मारपीट की थी। वहीं, छोटी हरदा के लोगों का कहना है कि शनिवार सुबह जिम पहुंचे योगेश जाट के साथ 10 से 15 लोगों ने मारपीट की। पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

अनियंत्रित होकर घर में घुसा डंपर, 2 गाय की मौत, जांच में जुटी पुलिस

हरदा। हंडिया थाना क्षेत्र के ग्राम कुसिया में शुक्रवार रात करीब 8 बजे तेज रफ्तार डंपर मवेशियों को बचाने के दौरान अनियंत्रित होकर एक घर में जा घुसा। हादसे में दो गायों की मौके पर ही मौत हो गई। डंपर चालक और कंडक्टर घायल हो गए। चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद दोनों घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। डंपर चालक पन्नालाल कीर (54), निवासी कुसिया, के सिर में गंभीर चोट आई है। अंदरूनी रक्तस्राव के कारण डॉक्टरों ने उन्हें भोपाल रेफर किया है। कंडक्टर भगवान (60), निवासी कुसिया, के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई है। उनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, पन्नालाल कीर और भगवान हरदा से अपने गांव कुसिया लौट रहे थे। इसी दौरान सड़क पर बैठे मवेशियों को बचाने की कोशिश में डंपर अनियंत्रित हो गया और घर में जा घुसा। दोनों के एक-एक बेटे हैं। ग्राम कुसिया के सरपंच वीरेंद्र सारण ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर मवेशियों के बैठे रहने से अक्सर हादसे होते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नेशनल हाईवे के कर्मचारियों की ओर से सड़क से मवेशियों को नहीं हटाया जाता। इसी वजह से यह हादसा हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे से जुड़ी जानकारी जुटाई जा रही है।

बालिकाओं को एक्सपोज़र विजिट कराई



रहटगांव। महिला एवं बाल विकास विभाग के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत ग्राम रहटगांव में किशोरी बालिकाओं को एक्सपोज़र विजिट कराई गई। बालिकाओं को थाना, अस्पताल एवम फारेस्ट ऑफिस का भ्रमण कराया गया। बालिकाओं को महिला व पुरुष बन्दीगृह ,गोदाम व अन्य समस्त कक्षों का अवलोकन कराया गया। साथ ही विभाग की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताते हुए समझाइश दी गयी। पुलिस आपकी मित्र है आप बेझिझक कभी भी मदद ले सकते हैं। वन विभाग द्वारा कार्यालय, रेस्ट हाउस व पर्यावरण भवन का अवलोकन कराया गया। बालिकाओं को वनों का महत्व बताते हुए पौधरोपण व वृक्षों को सहेजने की समझाइश दी गयी। प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र रहटगांव में बालिकाओं को स्वास्थ्य विभाग से दी जाने वाली विभिन्न योजनाओ व कार्य प्रणाली के बारे में बताया गया। एक्सपोज़र विजिट से बालिकाओं के ज्ञान में वृद्धि हुई व उन्हें सम्बंधित विभागों से प्रदाय की जाने वाली योजनाओं की जानकारी भी मिली। कार्यक्रम में प्रभारी परियोजना अधिकारी संगीता राजपूत , पर्यवेक्षक सुभद्रा बरखने, दिव्या महोबिया, खुशबू शिरतुरे व ग्राम की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं उपस्थित थी।

श्री महामृत्युंजय धाम में पवित्रा एकादशी होगा आयोजन

हिंडोला महोत्सव में भगवान को भक्त झुलाएंगे झूला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



गांधी नगर स्थित श्री महामृत्युंजय धाम में 23 सितंबर, रविवार को पवित्रा एकादशी के पावन अवसर पर मातृ शक्ति संगठन द्वारा भव्य हिंडोला महोत्सव का आयोजन किया गया है। उत्सव की शुरुआत रात 8:30 बजे से होगी, जिसमे भगवान को आकर्षक और कलात्मक हिंडोले (झूले) में विराजमान कर विशेष श्रृंगार किया जाएगा। भगवान महामृत्युंजय का पवित्रा एकादशी पर विशेष फूलों और वस्त्रों से श्रृंगार होगा मंदिर परिसर को सुंदर हिंडोले से सजा कर ठाकुर जी को विराजित कर कीर्तन यात्रा परिवार द्वारा सुश्री कृष्णा दीदी के पावन सानिध्य में कर्ण प्रिय भजन संध्याः की प्रस्तुति होगी।

मातृशक्ति संगठन के अनुसार द्वापर युग में गोपियों ने भगवान कृष्ण को रिझाने और वर्षा ऋतु का आनंद लेने के लिए वृंदावन के जंगलों में कदम्ब की डालियों पर सुंदर झूले सजाए थे।इसी भक्ति भावः से श्री महामृत्युंजय धाम में हिंडोला महोत्सव मनाया जा रहा है भक्त इस दौरान राग-मल्हार और हिंडोला के विशेष कीर्तन गायेंगे हैं जैसे-_यारो प्यारी झूले कदम की डारियां, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो जाएगा इस अवसर पर भगवान को विशेष वर्षा ऋतु के वस्त्र और श्रृंगार धराए जायेंगे।एवं कार्यक्रम के समापन पर भगवान की विशेष महाआरती कर दर्शनार्थियों को विशेष महाप्रसाद वितरित किया जावेगा। मातृशक्ति संगठन गांधी नगर एवं कीर्तन यात्रा परिवार ने गांधी नगर और आसपास के सभी श्रद्धालुओं से इस आध्यात्मिक और दिव्य हिंडोला महोत्सव में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

मां सरस्वती की पूजा कर रामसत्ता प्रारंभ की



रहटगांव। कामधेनु गोशाला समिति धनपाडा रहटगांव में एक दिवसीय रामसत्ता में 45भजन मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी।सभी भजन मंडलियों को तीन-तीन भजन का समय दिया गया। सभी भजन मंडल भक्तों की भोजन की प्रसादी प्राप्त की गौशाला समिति की आयोजित कार्यक्रम संपन्न किया एवं शुक्रवार को काकड़ आरती के पश्चात समापन हुआ, जिस दौरान बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। भजन मंडल, रहटाकला, पोखरनी, झाड़पा मगरधा, रन्हाई, फुलड़ी, हडिंया, महेन्द्रगाँव, दिपगांव, कनगांव, पानतलाई, कुड़ावा, भवरली कासरनी, गाडामोड, मसनगांव, सुखरास, बालागांव । आमासेल, जिनमान्या , चोकड़ी, सुहागपुर, उमरदा, नकवाडा, दीपगांव झाडबीड़ा, पिपलिया, गोंदागांव, कालपी रामपुरी, अबगांव खुर्द समस्त गांव की भजन मंडलीय पहुंची एवं प्रस्तुति दी।

वन सुरक्षा करने और काष्ठ लाभांश प्रस्ताव पर चर्चा की



रहटगांव। वन परिक्षेत्र अधिकारी मगरधा सामान्य मुकेश रघुवंशी द्वारा वन परिक्षेत्र मगरधा की समस्त समितियों के समिति अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं कुछ सदस्यों की संयुक्त बैठक ली गई। बैठक में वनग्राम से राजस्व ग्राम संपरिवर्तन, 2005 के पूर्व के पात्र अतिक्रामकों के समस्त दावों को पोर्टल पर दर्ज कराने, वन सुरक्षा करने एवं काष्ठ लाभांश राशि से कराए जाने वाले कार्यों के प्रस्ताव के संबंध में चर्चा की। समिति सदस्यों की समस्याओं के आवेदन पर चर्चा कर निराकरण हेतु निर्देश दिए गए। बैठक में वन परिक्षेत्र मगरधा सामान्य का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

नवाचार और फसल विविधीकरण से बढ़ाई कृषि आय

निमाड़ के किसान धीरेंद्र सिंह राठौर को कृषक फेलो सम्मान 2026

ग्वालियर में राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



निमाड़ क्षेत्र के प्रगतिशील एवं नवोन्मेषी किसान धीरेंद्र सिंह राठौर को कृषक फेलो सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर द्वारा विश्वविद्यालय के 19वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के तीन उन्नतशील एवं नवोन्मेषी कृषकों को कृषक फेलो सम्मान प्रदान किया गया, जिसमें खरगोन जिले के राठौर भी शामिल रहे। धीरेंद्र सिंह राठौर गोगावा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी (एफपीओ) से जुड़े प्रगतिशील किसान हैं। वे पिछले करीब 10 वर्षों से कृषि विज्ञान केन्द्र, खरगोन के संपर्क में रहकर कृषि एवं उद्यानिकी की नवीन तकनीकों का प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर रहे हैं। कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के सहयोग से उन्होंने पारंपरिक खेती के साथ नवाचार को अपनाते हुए कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। पूर्व में राठौर मुख्य रूप से कपास, सोयाबीन, गेहूं एवं चना जैसी पारंपरिक फसलों की खेती करते थे। सीमित आय से आगे बढ़ते हुए उन्होंने फसल विविधीकरण को अपनाया और मिर्च, केला, करेला, तरबूज सहित विभिन्न उद्यानिकी फसलों में उन्नत तकनीकों का प्रयोग शुरू किया।

गुणवत्तापूर्ण मिर्च नर्सरी तैयार करने तथा उत्कृष्ट उत्पादन तकनीकों को अपनाने से उनकी कृषि आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई और वर्तमान में वे पूर्व की तुलना में करीब 4 से 5 गुना अधिक आमदनी अर्जित कर रहे हैं। राठौर स्वयं कृषि में नवाचार करने के साथ ही गोगावा एफपीओ से जुड़े किसानों को भी लगातार प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन एवं कृषि सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके अनुभव और नवाचार से क्षेत्र के अन्य किसान भी आधुनिक एवं लाभकारी कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। धीरेंद्र सिंह राठौर को कृषक फेलो सम्मान-2026 से सम्मानित किया जाना खरगोन जिले सहित पूरे निमाड़ क्षेत्र के किसानों के लिए गौरव और प्रसन्नता का विषय है। यह सम्मान क्षेत्र के किसानों द्वारा आधुनिक तकनीक, फसल विविधीकरण और नवाचार के माध्यम से कृषि को अधिक लाभकारी बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को भी नई पहचान प्रदान करता है।

नवविवाहिता ने किया सुसाइड



हरदा। टिमरनी थाना क्षेत्र के पोखरनी गांव में शनिवार सुबह एक नवविवाहिता ने सुसाइड कर लिया। वह घर में फंदे पर लटकी मिली। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। महिला ने सुसाइड क्यों किया यह अभी सामने नहीं आया है। मृतका की पहचान राजकुमारी धुर्वे (33) के रूप में हुई है। वह पोखरनी निवासी संजय दमाड़े की पत्नी थीं। उनका मायका चिचोली थाना क्षेत्र के पातरी गांव में है। राजकुमारी ने साल 2023 में संजय से प्रेम विवाह किया था। उनके दो बच्चे हैं। पति संजय ने बताया कि वह सुबह खेत में खाद डालने गया था। करीब 10:30 बजे उसकी मां घर पहुंचीं। उन्होंने राजकुमारी को फंदे पर लटका देखा। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल राजकुमारी ने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण सामने नहीं आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मान्यता से जुड़े प्रकरणों में दोषियों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग उठाई

नर्सिंग विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर एबीवीपी ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन





नर्सिंग विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं और उनके शैक्षणिक भविष्य को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने बुधवार को खरगोन कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन अभाविप मालवा प्रांत सह मंत्री निर्मल चौहान के नाम से सौंपा गया।

ज्ञापन में नर्सिंग महाविद्यालयों की मान्यता से जुड़े प्रकरणों में दोषियों पर कठोर कार्रवाई करने, प्रभावित विद्यार्थियों के हितों की रक्षा करने, न्यायिक प्रक्रिया का शीघ्र निराकरण करने तथा प्रदेश की नर्सिंग शिक्षा व्यवस्था में आवश्यक सुधार की मांग की गई। अभाविप ने प्रमुख रूप से सत्र 2025-26 के नर्सिंग विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय में शीघ्र नामांकन कराने की मांग रखी। परिषद का कहना है कि विद्यार्थियों को संस्थागत या प्रशासनिक विवादों का खामियाजा नहीं भुगतना चाहिए। उनके नामांकन, परीक्षा, परिणाम एवं पंजीयन जैसी शैक्षणिक प्रक्रियाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाना चाहिए।

विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित न हो

अभाविप मालवा प्रांत सह मंत्री निर्मल चौहान ने बताया कि नर्सिंग शिक्षा से जुड़े प्रकरण में सबसे अधिक चिंता विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर है। विद्यार्थियों ने मेहनत और फीस देकर अपने करियर के लिए प्रवेश लिया है, ऐसे में मान्यता या अन्य विवादों के कारण उनका शैक्षणिक वर्ष प्रभावित होना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि शासन पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई करे और निर्दोष विद्यार्थियों के भविष्य की तत्काल सुरक्षा सुनिश्चित करे। उन्होंने 2025-26 के विद्यार्थियों के विश्वविद्यालय नामांकन की प्रक्रिया जल्द पूरी करने के साथ लंबित परीक्षाओं एवं अन्य शैक्षणिक समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। चौहान ने कहा कि विद्यार्थी परिषद छात्रहित के मुद्दों को लगातार उठाती रही है और नर्सिंग विद्यार्थियों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर विद्यार्थियों की मांगों को लेकर आगे भी लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष किया जाएगा।

कार्यकर्ता रहे मौजूद

ज्ञापन के दौरान खरगोन विभाग छात्रा प्रमुख रीना इंगले, ऋषिका मुजाल्दे, सचिन वर्मा, प्रियांशु गुप्ता, पंकेश, अनुराग, शिवम कँचोले सहित अइश्द के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शासन से मांग की कि नर्सिंग विद्यार्थियों की समस्याओं का समयबद्ध और स्थायी समाधान किया जाए, ताकि प्रदेश के हजारों विद्यार्थियों की पढ़ाई और भविष्य प्रभावित न हो।